**HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN**
**BENCH AT JAIPUR**

S.B. Criminal Miscellaneous (Petition) No. 736/2026

M/s Sneh Polymers Pvt Ltd.

----Petitioner

Versus

The State Of Rajasthan

----Respondent

| | | |
|---|---|---|
| For Petitioner(s) | : | Mr. V. R. Bajwa, Sr. Adv. with<br>Mr. Ranjan Mehta, Adv.<br>Mr. Amar Kumar, Adv. |
| For Respondent(s) | : | Ms. Manju Dave, PP<br>Mr. Jhabar Swami, Adv.<br>Ms. Aditi Swami, Adv. |

**HON'BLE MR. JUSTICE UMA SHANKER VYAS**

**<u>Order</u>**

**<u>21/04/2026</u>**

विद्वान वरिष्ठ अधिवक्ता याची–अभियुक्तगण का निवेदन है कि मामला पूर्णतः सिविल प्रकृति का है, अकारण अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया तो उनके विधिक अधिकारों का हनन होगा।

अयाची क्रम–1 राज्य की ओर से विद्वान लोक अभियोजक द्वारा उपस्थिति दी गई, जिन्हें निर्देश दिया जाता है कि आगामी पेशी पर प्रकरण की केस डायरी तथा अनुसंधान के संबंध में तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करें।

अयाची क्रम–2 / परिवादी की ओर से विद्वान अधिवक्ता श्री झाबर स्वामी द्वारा आज ही उपस्थिति दी गई तथा कार्यालय में वकालतनामा पेश करना चाहा। कार्यालय को निर्देश दिया जाता है कि उनके द्वारा वकालतनामा पेश किये जाने पर भविष्य में उनका नाम दैनिक वादसूची में उल्लेखित किया जावे।

याची–अभियुक्त पक्ष को भी निर्देश दिया जाता है कि याचिका की प्रति अयाची / विपक्षी को उपलब्ध करावे।

RAJASTHAN HIGH COURT

संपूर्ण परिस्थितियों को देखते हुए केस डायरी का अवलोकन किये बिना कोई अंतरिम आदेश पारित किया जाना उचित नहीं है।

प्रकरण एक सप्ताह पश्चात् सूचीबद्ध किया जावे।

(UMA SHANKER VYAS),J

DINESH KUMAWAT /17